RAF SECTOR

NEWS CLIP

30/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Swadesh (Bhopal,MP)

107 बटालियन द्रुत कार्य बल ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 80 वां स्थापना दिवस मनाया

■ **सायंकालीन स्वदेश संवाददाता,** भोपाल

107 बटालियन द्रुत कार्य बल हिनौतिया ने संजय कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट 107 बटालियन के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 81 वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं हर्सो उल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर सर्वप्रथम संजय कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट 107 बटालियन ने गार्ड की सलामी लेते हुए केरिपुबल के षहीद जवानो को श्रद्धांजली दिया। बटालियन के सभी जवानो को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81 वां स्थापना दिवस की शुभकानाएं देते हुए केरिपुबल की उपलब्धियों का वर्णन किया और गौरवपूर्ण परम्पराओं का अनुसरण करने के लिए जवानो को प्रोत्साहित किया तथा केरिपुबन के षहीद जवानो एवं अधिकारियों का नाम पढकर सुनाया। महोदय ने आज वाहिनी के सैनिक सम्मेलन में शामिल अधिकारियों एवं जवानों के साथ सैनिक सम्मेलन सुरू करने से पहले देश के ग्यारहवें राट्रपति डॉ ए.पी.जे? अब्दुल कलाम को श्रद्धाजली अर्पित करते हुए उनकी याद में दो मिनट का मौन ब्रत धारण कर उनकी पुण्यतिथि मनायी एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 81 वां स्थापना दिवस के अवसर पर गोद लिए गावों हिनौतिया, बाबुलिया डॉगी, तरावली, थानेगॉव तथा घाटखेडी में सफाई अभियान चलाकर सडको, रास्तों, गलियों एवं सरकारी संस्थानो जैसे स्कूल, आगनवाडी, पंचायत भवन एवं मंदिरों की साफ-सफाई किया तथा इन्हीं गावों में 2500 पौधों का पौधारोपण किया गया।

Hindustan (Prayagraj,UP)

आरएएफ व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

खन्ना : खन्ना कस्बे में आरएएफ के साथ थाना पुलिस फ्लैग मार्च करती हुई। फोटो : एसएनबी

खन्ना (एसएनबी)। खन्ना थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा के प्रति भरोसे को कायम रखने के उद्देश्य से रविवार को प्रयागराज से आए आरएएफ के जवानों ने थाना पुलिस के साथ खन्ना कस्बे में फ्लैग मार्च किया।

इस फ्लैग मार्च से पूर्व खन्ना थाना प्रभारी रामप्रताप यादव से आरएएफ के बटालियन कमांडर संतोष कुमार ने भेंट की और उन्हें गृह मंत्रालय के निर्देश से अवगत करा शांति बनाए रखने और व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने हेतु फोर्स के साथ अपने आगमन से अवगत कराया। इसके बाद थाने के पुलिस जवानों के साथ आरएएफ के जवानों ने मिलकर फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर अपील की गयी कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें। किसी भी घटना की आशंका पर पुलिस को सूचना दें। कमांडर संतोष कुमार ने थाना प्रभारी से चिन्हित थाना अन्तर्गत ग्रामों की भी जानकारी ली।

इस फ्लैग मार्च में आरएएफ के कमांडर धर्मेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर रविन्द्र पटेल, थाना इंचार्ज रामप्रताप यादव, एसआई बलवंत सिंह, विनोद कुमार सिंह के अलावा थाना पुलिस के जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।